# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

09 मई 2024, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के भोंगिर में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**ये चुनाव राहुल की चाइनीज गारंटी और मोदी जी की भारतीय गारंटी के बीच है।**

*************

**कांग्रेस, AIMIM और BRS पार्टी तुष्टिकरण का ट्रायंगल हैं।**

*************

**कांग्रेस वादाखिलाफी करती है, तेलंगाना को दिया कोई वादा पूरा नहीं किया।**

*************

**राहुल बाबा की गारंटी सूर्यास्त तक भी नहीं चलती।**

*************

**तेलंगाना 10 से अधिक सीट देकर मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य में योगदान देगी।**

*************

**हम मुस्लिक आरक्षण खत्म कर वंचितों को वापस देंगे।**

*************

**कांग्रेस, AIMIM और BRS तेलंगाना में शरियत और कुरान के आधार पर कानून चलाना चाहते हैं।**

*************

**तुष्टिकरण की ए, बी, सी का अर्थ ही क्रमश: ओवैसी, बीआरएस और कांग्रेस है।**

*************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बृहस्पतिवार को तेलंगाना के भोंगिर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और बीआरएस के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया और साथ ही भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में भाजपा तेलंगाना महासचिव डॉ. कसम वेंकटेश्वरलू, पूर्व भाजपा सांसद श्री चाड़ा सुरेश रेड्डी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गंगीड़ी मनोहर रेड्डी, भोंगिर प्रत्याशी बोरा नरसैयाह गौड़ सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज हमारा देश लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बन रहा है। **आगामी लोकसभा 2024 का चुनाव आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बनाम राहुल गांधी है, "वोट फॉर जिहाद" वर्सेज "वोट फॉर विकास" है, इंडी गठबंधन के "परिवार कल्याण" के विरुद्ध "देश की जनता का कल्याण" है और राहुल गांधी की "चाइनीज गारंटी" के खिलाफ मोदी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र की "भारतीय गारंटी" का चुनाव है।** देश भर में मोदी-मोदी के नारे लग रहे है, तीसरे चरण के चुनाव में भाजपा 200 सीटों के करीब पहुंच गई है और अब तेलंगाना की जनता को भाजपा के पक्ष में मतदान कर 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। तेलंगाना की जनता ने 2019 में भाजपा को 4 सीटों पर आशीर्वाद दिया लेकिन इस बार भाजपा तेलंगाना में 10 से अधिक सीटों पर विजयी होने जा रही है। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा **कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि उन्हें चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं और भोंगिर में कांग्रेस ने ऐसे उम्मीदवार को उतारा है जिसने राहुल गांधी का फर्जी हस्ताक्षर किया था। इस उम्मीदवार को पहले कांग्रेस ने निष्कासित किया मगर अन्य कोई और उम्मीदवार न मिलने के कारण फिर से उन्हीं को चुनाव में उतारा गया।** भाजपा के सरकार में आने पर आरक्षण खत्म किए जाने का झूठ फैलाकर कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। भाजपा पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है और भाजपा ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, परन्तु **कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में मुस्लिम समुदाय को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर एससी, एसटी और ओबीसी**

**समुदाय के हितों पर डाका डाला है। भाजपा ने अपनी तीसरे कार्यकाल में मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकार वापस देने का संकल्प लिया है।** भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी दी है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जो कहते हैं वो करते हैं और राहुल गांधी की गारंटी तो सूर्यास्त तक भी नहीं टिकती। राहुल गांधी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में किए गए किसानों का ₹2 लाख तक का कर्ज माफ करने, किसानों को हर वर्ष 15 हजार रुपए, मजदूरों को हर वर्ष ₹12 हजार, चावल और गेहूं की खरीद पर ₹500 बोनस, विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए तक का बिना गारंटी का ऋण, छात्राओं को निशुल्क स्कूटी और हर तहसील में अंतरर्राष्ट्रीय विद्यालय बनाने के वादे को अब तक पूरा नहीं किया है। कांग्रेस अपने वादे को कभी भी पूरा नहीं करती है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को पिछले 70 वर्षों से रोक रखा था लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में न्यायालय के माध्यम से राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त भी किया, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को प्रभु श्री रामलला की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर दी। कश्मीर भारत का एक अखंड हिस्सा है लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का राजस्थान और तेलंगाना सहित भारत के अन्य राज्यों से क्या लेनदेन है? खड़गे जी जानते नहीं है कि भोंगिर सहित पूरे तेलंगाना का बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान तक दे सकता है। कांग्रेस ने धारा 370 को 70 वर्ष तक लगाए रखा था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को सदैव के लिए भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त कर देश को सुरक्षित बनाया है लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस मिलकर मजलिस को नहीं रोक पा रहे हैं। **तुष्टिकरण की ए, बी, सी का अर्थ ही क्रमश: ओवैसी, बीआरएस और कांग्रेस है, और ये तीनों पार्टियां मिलकर तेलंगाना में तुष्टिकरण करती हैं। ये तीनों पार्टियां राम मंदिर की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाती हैं, हैदराबाद विमोचन दिवस नहीं मनाती हैं, सीएए का विरोध करती हैं, तेलंगाना में शरिया का शासन लगाना चाहती हैं, तीन तलाक को वापस लाना चाहती हैं और प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार करती हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भुवनगिरी सहित तेलंगाना में टैक्सटाइल के विकास के लिए बड़ी मात्रा में निवेश किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की टैक्सटाइल नीति फार्म से फाइबर तक, फाइबर से फैक्ट्री तक, फैक्ट्री से फैशन तक और फैशन से एक्सपोर्ट तक का पूरा चैनल बनाने एवं किसानों को मजबूत करने के ध्येय के साथ स्पष्ट है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने टैक्सटाइल में पीएलआई नीति लागू कर 8 लाख लोगों को रोजगार दिया है, 1500 करोड़ की लागत से नेशनल टैक्सटाइल मिशन की शुरुआत की है और 14 हजार करोड़ की लागत से कोचमपल्ली में हैंडलूम पार्क एवं व्हाइट गोल्ड टैक्सटाइल पार्क की स्थापना की है। भाजपा सरकार ने 140 करोड़ की लागत से भोंगिर -भोपालपट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया, बीबीनगर में एम्स की स्थापना की, जनगांव एवं भुवनगिरी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण शुरू किया और कुमारवेल्ली में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का निर्माण किया है। इसके अलावा रायगिरी से वारंगल तक फोरलेन सड़क और सूर्यपेट से सिद्धिपेट से राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण चल रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार इस क्षेत्र में 2 लाख 31 हजार लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क स्वास्थ्य बीमा और 1 लाख 21 हजार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष ₹6 हजार का लाभ दे रही है।

श्री शाह ने कहा कि **तेलंगाना ने लंबे समय तक बीआरएस को शासन करने का मौका दिया लेकिन बीआरएस ने अपने शासन में सिर्फ परिवारवाद और भ्रष्टाचार किया। इस बार जब जनादेश रेवंत रेड्डी को मिला, तो रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना को कांग्रेस का एटीएम बना दिया, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा तेलंगाना में दस से अधिक सीटों पर विजयी होने पर राज्य को देश में प्रथम स्थान पर ले आएगी।** भाजपा प्रत्याशी को दिया गया एक-एक वोट सीधा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मिलेगा। आदरणीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर पूरे देश में 400 से अधिक सीटों के साथ फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

**********************